### दिए गए प्रश्नों के उत्तर संक्षेप में दीजिए—

1. नाक को किस बात का प्रतीक माना जाता है?
2. नाक कटने से व्यक्ति के साथ और किसकी नाक कटती है?
3. नाक के बिना चश्मा पहनने में क्या समस्या होगी?
4. नाक हीटर का काम कैसे करती है?
5. नाक के लिए कोई चार उपमाएँ लिखिए?

### दिए गए प्रश्नों के उत्तर विस्तार से लिखिए—

1. समाज में नाक रखने के लिए लोगों को क्या-क्या करना पड़ता है?
2. आदमी सामान्यतः नाक रगड़ने को कब मजबूर हो जाता है?
3. लेखक ने नाक को शरीर का सबसे अधिक महत्वपूर्ण अंग क्यों माना है?
4. नाक के सौंदर्य-पक्ष पर लेखक ने क्या विचार व्यक्त किए हैं?
5. पाठ में नाक के कार्यों को किस प्रकार प्रस्तुत किया गया है?

### सही विकल्प चुनकर ✓ का निशान लगाइए—

1. लेखक ने नाक की किन अंगों के साथ तुलना करते हुए सबसे ऊँचा बताया है?

   अ. आँख ☐ ब. मुँह

   स. हाथ ☐ द. सभी अंगों के बीच

2. लेखक के अनुसार नाक न होती तो कौन-सी चीज़ बेमानी हो जाती?

   अ. कपड़े ☐ ब. इत्र-फुलेल

   स. भोजन ☐ द. किताबें

3. लेखक के अनुसार नाक किसका काम करती है?

   अ. पंखे का ☐ ब. झाड़ू और छन्ने का

   स. दरवाज़े का ☐ द. घड़ी का

### गद्यांश पढ़कर सही उत्तर छाँटिए और लिखिए—

"नाक रहना बहुत ज़रूरी है। वैसे भी और चेहरे पर भी। नाक चाहे सारस जैसी लंबी जैसी छोटी, चोथ जैसी चपटी अथवा पकौड़ा जैसी मोटी, लेकिन होनी ज़रूर चाहिए।"